19वीं अनुसंधान सलाहकार समूह बैठक

वन उत्पादकता संस्थान, राँची में दिनांक 3 अक्टुबर, 2018 को 19वी अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक संस्थान के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई । कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने अनुसंधान सलाहकार समूह के माननीय सदस्यों का स्वागत किया और संस्थान के अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार गतिविधियों एवं अनुसंधान सलाहकार समूह की आवश्यकता एवं उद्धेश्यों के बारे में चर्चा की । इसके पश्चात संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान), डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों और संस्थान की विभिन्न उपलब्धियों समेत नई परियोजनाओं को संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत किया । बतौर मुख्य अतिथि, श्री जोस. टी. मैथ्युज , प्रधान मुख्य वन संरक्षक , पश्चिम बंगाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में वन उत्पादकता संस्थान एवं वन विभाग पश्चिम बंगाल के सहयोग से कई परियोजनाएं कार्यान्वित हो रही हैं, जो वानिकी एवं पर्यावरण के भविष्य के लिए अच्छे संकेत हैं तथा इनसे वन उत्पादकता संस्थान, राँची के अनुसंधान सहयोग से बंगाल राज्य में वानिकी अनुसंधान को नई गति मिलेगी | कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री ए.के. मिश्रा , सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ने बिहार में संस्थान द्वारा पोपलर के कृषि-वानिकी मोडेल और संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यक्रम की तथा वर्तमान में वन उत्पादकता संस्थान तथा राज्या वन विभाग के मध्य बढ़ते हुए आपसी सहयोग व सामंजस्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की | श्रीमती शैलजा सिंह , मुख्य वन संरक्षक , झारखंड एवं विभिन्न शोध संस्थानों , विश्वविद्यालयों, एन.जी.ओ., विद्वानों और अन्य हित-धारकों के प्रमुख एवं वैज्ञानिकों ने कार्यवाही में भाग लिया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के सहायक महानिदेशक (आर.पी.) ने देहरादून मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों ने भी वानिकी अनुसंधान के क्षेत्र में संस्थान द्वारा दिये गये योगदान को सराहा तथा अन्य अनुसंधान संस्थाओं से बढ़ते हुए सहयोग की प्रशंसा की । बिरसा कृषि विश्वविध्यालय से पधारे डा. एम.एच. सिद्धिकी द्वारा संस्थान के अन्तर्गत चल रही अनुसंधान परियोजना कार्यों में स्नातकोत्तर क्षात्रों द्वारा योगदान से संबंधित प्रस्ताव रखा जिसे संस्थान के निदेशक द्वारा मान्य किया गया ।

तकनीकी सत्र में डॉ. पी.के. दास , वैज्ञानिक, श्री पी.सी. लकड़ा , उप वन संरक्षक , सुकना, सिलीगुड़ी श्रीमती रूबी कुजूर , वैज्ञानिक, डॉ. योगेश्वर मिश्रा , वैज्ञानिक, श्री आदित्य कुमार , वैज्ञानिक ने बिहार एवं पश्चिम बंगाल के पर्यावरण के महत्वपूर्ण मुद्दों पर नई परियोजनाओं की प्रस्तुति की |

श्रीमती रूबी कुजूर, वैज्ञानिक ने मंच का संचालन किया | डॉ. अनिमेष सिन्हा, वैज्ञानिक ने सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया |

XIX अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक
XIX RESEARCH ADVISORY GROUP MEETING
October 3rd, 2018
वन उत्पादकता संस्थान

सलाहकार समूह की बैठक

IFP Ranchi